सूचना

बोर्ड ऑफ स्टडीज (हिन्दी) के समस्त सम्मानित सदस्यों को सूचित किया जाता है कि हिन्दी विभाग की बोर्ड ऑफ स्टडीज की आवश्यक बैठक 23.07.2025 को प्रातः 11.00 बजे चमन लाल महाविद्यालय में आयोजित की जाएगी।

आप से अनुरोध है कि ससमय उपस्थित होने का कष्ट करें। प्राचार्य महोदय के आदेशानुसार बैठक का एजेण्डा निम्नवत है:- 1. गत कार्यवाही की पुष्टि

2. मुख्य परीक्षा के प्रश्न-पत्रों को हल करने हेतु छात्रों को प्रदान किये जाने वाले समय को 2:30 घण्टे किये जाने पर विचार।

3. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवम् महाविद्यालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप मुख्य परीक्षा 75 अंक एवम् आन्तरिक परीक्षा में 25 अंक का मूल्यांकन लागू किये जाने पर विचार।

4. आंतरिक परीक्षा प्रक्रिया में एकरूपता एवम् पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु (15 अंक की लिखित परीक्षा, 5 अंक की उपस्थिति तथा 5 अंक अनुशासन / शैक्षिक गतिविधियों में प्रतिभाग) केन्द्रीकृत माध्यम से सम्पादित कराये जाने तथा लिखित परीक्षा हेतु मिडटर्म परीक्षा पर विचार।

5. पी.जी. पाठ्यक्रम में द्वितीय एवम् चौथे सेमेस्टर में लघुशोध का प्रावधान किये जाने पर विचार।

डॉ. अजित सिंह तोमर
डॉ. प्रेरणा पाण्डेय
श्री आशुतोष शर्मा
सुश्री सलोनी

भवदीया
(डॉ. मीरा चौरसिया)
समन्वयक बोर्ड ऑफ स्टडीज
हिन्दी

आज दिनांक २३.०७.२०२६ को हिन्दी विभाग की बोर्ड ऑफ स्टडीज की एक आवश्यक बैठक 1:30pm बजे हिन्दी विभाग में आयोजित की गई।

बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित रहे -

1. डॉ. मीरा चौरसिया समन्वयक
2. डॉ. अजित सिंह तोमर विषय विशेषज्ञ (ऑनलाइन)
3. डॉ. प्रेरणा पाण्डेय विषय विशेषज्ञ
4. श्री आशुतोष शर्मा सदस्य
5. सुश्री सलोनी सदस्य

डॉ. मीरा चौरसिया समन्वयक द्वारा समस्त आगन्तुक सदस्यों का स्वागत किया गया, तत्पश्चात बैठक की कार्यवाही आरम्भ की गई

एजेण्डा बिन्दु - 1

एजेण्डा - गत कार्यवाही की पुष्टि

विनिश्चय - दिनांक 17.11.2025 को आयोजित बैठक की कार्यवाही को यथावत अनुमोदित किया गया। कार्यवाही की पुष्टि की गई

एजेण्डा बिंदु - २:

एजेण्डा - मुख्य परीक्षा के प्रश्नपत्रों को हल करने हेतु छात्रों को प्रदान किये जानेवाले समय को २:३० घण्टे किये जाने पर विचार

विनिश्चय : विस्तृत विचार-विमर्श के उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समस्त पाठ्यक्रमों में प्रश्न-पत्र हल किये जाने हेतु छात्रों को २:३० घण्टे का समय प्रदान किया जाए

Date
Page

एजेण्डा बिन्दु - 3

एजेण्डा — राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवम् महाविद्यालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप मुख्य परीक्षा में 75 अंक एवम् आन्तरिक परीक्षा में 25 अंक का मूल्यांकन लागू किये जाने पर विचार

विनिश्चय — विस्तार पूर्वक विचार किये जाने के उपरान्त सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि हिन्दी विभाग में संचालित सभी पाठ्यक्रमों में मुख्य परीक्षा में 75 तथा आन्तरिक परीक्षा में 25 अंको का मूल्यांकन लागू कर दिया जाये।

एजेण्डा बिंदु-4,

एजेण्डा — आन्तरिक परीक्षा प्रक्रिया में एकरूपता एवम् पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु (अंक विभाजन - लिखित परीक्षा - 15 अंक, उपस्थिति - 5 अंक, अनुशासन तथा शैक्षिक गतिविधियों में प्रतिभाग - 5 अंक) केन्द्रीय माध्यम से कराये जाने पर विचार

~~विनिश्चय~~ तथा लिखित परीक्षा हेतु मिडटर्म परीक्षा कराये जाने पर विचार

विनिश्चय — विस्तृत विचार-विमर्श के उपरान्त निर्णय लिया गया कि आन्तरिक परीक्षा प्रक्रिया में एकरूपता एवम् पारदर्शिता सुनिश्चित किया जाना अत्यन्त महत्वपूर्ण एवम् आवश्यक है। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आन्तरिक परीक्षा केन्द्रीय माध्यम से मिडटर्म परीक्षा के रूप में (15 अंक - लिखित परीक्षा, 5 अंक उपस्थिति, 5 अंक अनुशासन, शैक्षिक गतिविधियों में प्रतिभाग) आयोजित करायी जाये।

एजेण्डा बिन्दु-5

एजेण्डा- पी.जी. पाठ्यक्रम में द्वितीय एवम् चतुर्थ सेमेस्टर में लघुशोध का प्रावधान किये जाने पर विचार

विनिश्चय विस्तृत विचारोपरान्त सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पी.जी. द्वितीय एवम् चतुर्थ सेमेस्टर में लघुशोध का प्रावधान किया जाये तथा द्वितीय सेमेस्टर में लघुशोध का विषय निर्धारण प्रथम सेमेस्टर में तथा चतुर्थ सेमेस्टर का लघुशोध का विषय निर्धारण तृतीय सेमेस्टर में कर दिया जाए ताकि छात्रों का शोध कार्य हेतु समुचित समय एवम् अवसर प्राप्त हो सके।

अन्त में डॉ. मीरा चौरसिया द्वारा उपस्थित सदस्यों के धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन किया गया।

23/07/26 23/07/2026

23/07/2026

डॉ. अजीत सिंह तोमर ने B.O.S. बैठक में ऑनलाइन प्रतिभाग किया।